# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड का वितरण किया। श्री मोदी ने वर्जुअल माध्यम से दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने लाभुको से संवाद किया और कहा कि यह देश के गांवों के सशक्तीकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

*******************

राज्य सरकार ने प्रदेश में बैंकिंग सेवाएं सबके लिए आसान और सुलभ बनाने की पहल शुरु कर दी है। इस सिलसिले में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। वित्त मंत्री ने बैंकों में जमा रुपये और उसके मुकाबले दिये गये ऋण की भी जानकारी ली। श्री किशोर ने बैंकों के प्रतिनिधियों से महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

*******************

एचएमपीवी वायरस के खतरे को देखते हुए कोडरमा में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। वायरस से निपटने के साथ–साथ वायरस से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम को तैनात कर दिया गया है और सभी को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि इस वायरस से डरने की जरुरत नहीं लेकिन सावधानी जरुरी है।

*******************

सड़क सुरक्षा माह के तहत साहिबगंज जिले में नुक्कड़ नाटक और प्रचार सामग्री के माध्यम से ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कोर्ट परिसर में जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी और डीएलएसए सचिव विश्वनाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

*******************

लातेहार जिले में स्थित झारखंड के पलामू ट्राइगर प्रोजेक्ट में लगातार बाघों की संख्या बढ़ रही है।

*******************

हजारीबाग जिले में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने के लिए एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सभी एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानेदारों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। अफीम, गांजा कारोबार और कोयलांचल में लेवी वसूली पर सख्ती का निर्देश दिया। साथ ही महिला हिंसा, एससी–एसटी कांड और लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का भी आदेश दिया।

*******************